22 से 24 तक बारिश की संभावना

श्रीगंगानगर, (कासं)। उत्तर भारत से आने वाली ठंडी शीत हवाओं ने फिलहाल ब्रेक लिया है। वेस्टर्न डिस्टरबेंस के असर से कमजोर पड़ती इन हवाओं के कारण दिन के तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जिससे लोगों को सर्दी से कुछ राहत मिली है।

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार 22 से 24 जनवरी के बीच एक नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होगा। इससे जिले सहित जोधपुर, बीकानेर संभाग और शेखावाटी इलाकों में मावठ की हल्की बारिश होने की संभावना है। इसके बाद महीने के अंत तक मौसम ड्राई बना रहेगा। रविवार सुबह श्रीगंगानगर जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में घना कोहरा देखने को मिला।

विजिबिलिटी कम होने के कारण सुबह के समय सड़कों पर वाहन धीमी रफ्तार से चलते नजर आए। करीब 11 बजे के बाद कोहरा छटा और बादलों के बीच हल्की धूप निकली। मौसम राडार स्टेशन, श्रीगंगानगर पर रविवार सुबह न्यूनतम तापमान 7.0 डिग्री रिकार्ड किया गया। शनिवार को न्यूनतम तापमान 7.3 डिग्री और अधिकतम तापमान 21.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। शुक्रवार को यहां न्यूनतम 5.2 डिग्री और अधिकतम तापमान 20 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था। बादलों की आवाजाही से रात के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज हुई है।

स्टेडियम बच्चों की बेरोक-टोक मौज मस्ती से जीवंत हो उठा

बीकानेर, (कासं)। डॉ. करणी सिंह स्टेडियम में चल रहे तीन दिवसीय बीकानेर चिल्ड्रन फेस्टिवल, आजू-गूजा 2.0 के तीसरे दिन रविवार को बच्चों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। चारों ओर रंग-बिरंगे स्टॉल, खिलखिलाती हंसी, तालियों की गूंज और उत्साह से भरा माहौल नजर आया। नगर निगम के अनुसार हजारों की संख्या में बच्चों की एंट्री दर्ज की गई, जिससे पूरा स्टेडियम बच्चों की बेरोक-टोक मौज मस्ती से जीवंत हो उठा।

■ **फेस्टिवल में बच्चों ने आर्ट एंड क्राफ्ट, पेंटिंग, पॉटरी, ऑरिगेमी, ग्रैफिटी, मैजिक शो, कठपुतली, माइम, फन गेम्स और लाइव थिएटर जैसी 80 से अधिक गतिविधियों का आनंद लिया**

बीकानेर के डॉ. करणी सिंह स्टेडियम में चल रहे तीन दिवसीय बीकानेर चिल्ड्रन फेस्टिवल आजू-गूजा में बच्चों ने पेंन्टिग बनाई।

अब तक फेस्टिवल में बच्चों ने आर्ट एंड क्राफ्ट, पेंटिंग, पॉटरी, ऑरिगेमी, ग्रैफिटी, मैजिक शो, कठपुतली, माइम, फन गेम्स और लाइव थिएटर जैसी 80 से अधिक गतिविधियों का आनंद लिया। देशभर से आये कलाकारों ने थिएटर, संगीत, नृत्य और जायंट पपेट के जरिए बच्चों को कल्पना की नई उड़ान दी।

दिल्ली से आई 15-17 फीट ऊंची जायंट पपेट पूरे मैदान में आकर्षण का केन्द्र बनी रही। रविवार को बच्चों में खास उत्साह ट्रैफिक पार्क को लेकर दिखा, जहां यातायात संकेतों को खेल-खेल में समझाया गया। पजल गेम में सफल बच्चों को परिवहन विभाग द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। इसके साथ ही पतंगबाजी, रीडिंग कॉर्नर, प्लास्टिक मैनेजमेंट और वेस्ट सेग्रिगेशन जैसी गतिविधियों ने सीख को मजेदार बना दिया। आज फेस्टिवल का अंतिम दिन और भी खास रहा। टिडली पिडली मंच पर माइम, स्टोरी टेलिंग, लोककथा, ड्रम सर्कल और धारावी ड्रीम्स प्ले हुए।

नन्दियों को लापसी की सवामणी खिलाई

नोखा, (कासं)। नोखा नगर पालिका द्वारा निर्मित और निराश्रित गोवंश सेवा समिति द्वारा संचालित रायसर रोड स्थित नंदीशाला में माघ मास की मौनी अमावस्या के अवसर पर नन्दियों के लिए लापसी की सवामणी बनाकर खिलाई गई।

समिति अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि इस अवसर पर नन्दियों के लिए कुल 55 सवामणी का सहयोग विभिन्न दानदाताओं से प्राप्त हुआ। नन्दीसेवक झमकू देवी पत्नी करणीदान बोथरा परिवार ने खल और चुरी भेंट की। वहीं नन्दीसेवकों ने हरी सब्जियां एवं गुड़ भी नन्दियों को खिलाया। मौनी अमावस्या पर नन्दीग्रास मासिक योजना के तहत भी कई भामाशाहों का सहयोग मिला। देवाराम कुलरिया परिवार ने नन्दियों के लिए एक पिकअप चारा डलवाया। जबकि चम्पालाल-किशोर कुमार चाण्डक परिवार ने नन्दीशाला में पक्षियों के लिए चुग्गा डलवाया। निराश्रित गोवंश सेवा समिति ने सभी भामाशाहों एवं सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह, पार्षद अंकित तोषनीवाल, मोहनलाल लखारा, बजरंग पालीवाल, शंकरलाल नाई, जयकिशन बागड़ी, निर्मल झंवर, ओमप्रकाश खीचड़, दिनेश हिन्दुस्तानी, मनोज ओझा आदि मौजूद थे।

सार-समाचार

पूगल फांटा बस स्टैंड पर गंदगी

पूगल फांटा बस स्टैंड पर नालों पर अवैध कब्जों से गंदगी का ये आलम है।

बीकानेर, (कासं)। पूगल फाटा बस स्टैंड पर हर तरफ गंदगी ही गंदगी है वहां बने नाले अब छोटी नदी का रूप ले लिया है। नाले गंदगी से भरे पड़े है नालों पर दुकानदारों के कब्जे होने के कारण नालों की सफाई नहीं होती है। जिससे नालों के पानी की निकासी आगे नहीं होती है, जिससे नालों का गंदा पानी वहां लक्ष्मी वूलन मिल के अंदर नालियों द्वारा अंदर आ रहा है। इस बारे में कई बार नगर निगम के अधिकारियों को पत्र द्वारा सूचित किया लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। नालों का गंदा पानी मिल के अंदर रहने वाले लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। जिससे मिल में रहने वाले मजदूरों के परिवारों में बीमारियों का भय व्यप्त है और वहां काम करने वाले का दुर्गन्ध में बैठना मुश्किल हो गया है। प्रशासन द्वारा नालों पर बने कब्जे हटाकर उनकी सफाई करावे और नालों का निर्माण करवाकर इस समस्या से निजात दिलावें। यदि प्रशासन 7 दिन के अंदर कोई उचित कार्यवाही नहीं करता हैं तो 8 वें दिन हमें मजबूर होकर वहां रास्ता रोका जायेगा। नगर निगम ने हमारी समस्या पर ध्यान नहीं दिया तो उस आंदोलन के लिए प्रशासन जिम्मेदार होगा।

एसआईआर ईआरओ का निरीक्षण

बीकानेर (पूर्व) विधानसभा क्षेत्र की ईआरओ महिमा कसाना ने एसआईआर शिविरों का निरीक्षण किया।

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर पूर्व विधानसभा क्षेत्र की निर्वाचक पंजीयन अधिकारी और उपखंड अधिकारी महिमा कसाना ने मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के दौरान चल रहे शिविरों का रविवार को निरीक्षण किया। उन्होंने सुभाषपुरा, राजस्व विश्राम गृह, जयपुर रोड, पवनपुरी क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों पर आयोजित शिविरों में सुपरवाइजर और बीएलओ के कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सुपरवाइजर्स और बीएलओ को निर्देश दिए कि इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। निरीक्षण के दौरान सहायक प्रशासनिक अधिकारी राकेश बंसल साथ रहे।

बॉलीवुड गायक शहजाद का स्वागत

बीकानेर, (कासं)। बॉलीवुड जगत में वर्तमान में धुरंधर फिल्म में ना तो कारवां की तलाश है गीत से धूम मचाने वाले गायक शहजाद खान का आज होटल ताज में सम्मान समारोह रखा गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन पूर्व मेयर हाजी मकसूद अहमद द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एन. डी. रंगा ने की। विशिष्ट अतिथि सुनील दत्त नांगल, एन. डी. कादरी, हाजी मकसूद अहमद ने अतिथि गण का स्वागत करते हुए अपने संबोधन में कहा कि गायक शहजाद ने बीकानेर क्षेत्र का नाम संपूर्ण भारत में प्रसिद्ध किया है। उन्होंने कहा कि हजारों साल नर्गिस अपनी भी बेनूरी पर रोती है, बड़ी मुश्किल से होते हैं चमन में दिलावर पैदा ऐसे ही आज हस्ती के रूप में हमारे बीच शहजाद खान है। इस अवसर पर उनके पिता शब्बीर का स्वागत हाजी मकसूद अहमद ने किया। इसके बाद शहजाद खान को साफा व शॉल ओढ़ाकर हाजी मकसूद अहमद, एन. डी. रंगा, एस. डी. नागल, एन. डी. कादरी , डॉक्टर मिर्जा हैदर बेग ने सम्मान किया। इस अवसर पर अख्तर अली चुडीगर, के कुमार अहुजा, महबूब रंगरेज अफजल हुसैन, नासिर शहजाद तंवर, हसन अली गौरी, सादिक हुसैन, अजीज आजाद, खुर्शीद अहमद, हाजी नसीम अहमद, रशीद अहमद, एम रफीक कादरी, सिराजुद्दीन खोखर शोएब खान, अख्तर अली, इस्माइल खिलजी, शोएब भाई, साजिद पी एच सईद लोहार, योगेश कुमार, इमरान लोदी आदि ने माला पहनकर गायक शहजाद का स्वागत किया। शहजाद खान ने अपनी जादू भरी आवाज में फिल्म धुरंधर का गीत ना तो कारवां की तलाश है ना हमसफर की तलाश है सुनाकर माहौल को संगीतमय बना दिया। सभी मौजूद अतिथि गण झूम उठे। मंच संचालन डॉ. मिर्जा हैदर बेग ने किया।

3.55 करोड़ के कार्यों का लोकार्पण

कालू, (कासं)। लूणकरनसर विधानसभा क्षेत्र में मंत्री सुमित गोदारा ने कालू और आड़सर गांवों में करोड़ों रूपए के विकास कार्यों का लोकार्पण किया है। इनमें कालू में वॉलीबॉल मैदान और बच्चों के झूले, तथा आड़सर गांव में 33/11 केवी जीएसएस (ग्रिड सब स्टेशन) शामिल हैं। मंत्री गोदारा ने कालू दौरे के दौरान माताजी ताल स्थित पेड़ों के स्टेडियम में वॉलीबॉल मैदान का उद्घाटन किया। यह युवाओं की लम्बे समय से लंबित मांग थी, जिससे क्षेत्र में खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। इसी स्टेडियम में बच्चों के लिए झूलों का भी लोकार्पण किया गया। इन दोनों परियोजनाओं पर कुल 7 लाख रूपए की लागत आई है। इसके साथ ही मंत्री ने कालू के निकट आड़सर गांव में 33/11 केवी जीएसएस का भी लोकार्पण किया। इस परियोजना की लागत 3 करोड़ 55 लाख रूपए है। यह जीएसएस क्षेत्र में बिजली आपूर्ति को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। स्थानीय लोगों ने बताया कि मंत्री सुमित गोदारा लूणकरनसर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को लगातार प्राथमिकता दे रहे हैं, जिससे निवासियों को विभिन्न सुविधाओं का फायदा मिल रहा है।

करणीसर भाटियान में सोलर प्लांट पर काम को लेकर दो गुटों में मारपीट

बीकानेर, (कासं)। सोलर प्लांटों पर काम लेकर अब ठेकेदारों के बीच संघर्ष के हालात बनते जा रहे हैं। करणीसर भाटियान में वारी सोलर प्लांट पर दो गुटों में मारपीट हो गई। कर्मचारियों को पीटा गया और एक ठेकेदार की गाड़ियां तोड़ दी गई। सूचना मिलने पर पूगल पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन आरोपी भाग खड़े हुए।

करणीसर भाटियान में वारी कंपनी के सोलर प्लांट पर इन दिनों बैचिंग का काम चल रहा है। वहां दो ठेकेदार काम कर रहे हैं। पूरा काम एक ही ठेकेदार के पास हो, इसे लेकर वहां कई दिनों से विवाद चल रहा है। शनिवार सुबह ठेकेदार धीरेंद्र सिंह और उसके साथियों ने दूसरे ठेकेदार श्रवण सिंह पर हमला कर दिया। वहां काम कर रहे वारी के कर्मचारियों के साथ भी मारपीट की। श्रवण की गाड़ियां तोड़ डाली व टायर फोड़ दिए।

सूचना मिलने पर पूगल थाने के हैड कांस्टेबल नरेन्द्र कुमार दल सहित मौके पर पहुंचे। उन्हें देखते ही आरोपी भाग खड़े हुए। वारी पर काम करने वाले कोलायत निवासी गुरमीत पुत्र तुलछाराम ने धीरेंद्र सिंह, बजरंग सिंह झाला, रघुवीर लूणखां, पवन पालीवाल आदि के खिलाफ गाली-गलौच और मारपीट करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है।

■ **सोलर प्लांटों पर काम लेकर अब ठेकेदारों के बीच आये दिन फायरिंग और मारपीट की वारदातें हो रही है**

हैड कांस्टेबल मनोहर सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ एससी-एसटी अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच सीओ खाजूवाला करेंगे। भारत-पाक सीमा से सटे पूगल तहसील के करणीसर भाटियान, कालासर, लाखूसर सहित कई गांवों में सोलर प्लांट लगाने का काम चल रहा है। काफी जगह प्लांट लग भी चुके हैं। वहां पर दूसरे जिलों और अन्य राज्यों के श्रमिकों को काम पर लगाया जा रहा है, लेकिन किसी का भी पुलिस वेरिफिकेशन नहीं हो रहा है। मामला सोलर का होने के कारण पुलिस ने भी आंखें मूंद रखी हैं। सौर ऊर्जा सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट है, इसलिए जिला प्रशासन भी राज्य वृक्ष खेजड़ी की कटाई को लेकर गंभीर नहीं है।

हालात ये हैं कि आये दिन सोलर प्लांटों पर फायरिंग और मारपीट की वारदातें हो रही हैं। केला गांव में कई बार विवाद हो चुका है। भानीपुरा में जुलाई में फायरिंग और मारपीट की घटना हुई थी। अब करणीसर भाटियान में विवाद हो गया। इसी गांव में दो दिन पहले एनएचपीसी लिमिटेड के प्लांट पर 193 खेजड़ी कटी थीं। सिक्योरिटी वालों ने तहसील के दल को अंदर नहीं घुसने दिया। इसे लेकर पूगल थाने में पटवारी ने शुक्रवार को केस दर्ज करवा दिया है।

समरवीर सिंह, एसएचओ पूगल का कहना है कि करणीसर भाटियान में सोलर प्लांट पर काम को लेकर मारपीट हुई है। एक पक्ष ने केस दर्ज कराया है। आरोपियों की धरपकड़ के प्रयास किए जा रहे हैं।

11 किलो डोडा-पोस्त सहित गिरफ्तार

बज्जू, (कासं)। पुलिस ने नगरासर गांव में बड़ी कार्रवाई करते हुए 11 किलो 437 ग्राम अवैध डोडा-पोस्त जब्त की है। पुलिस ने मौके से एक आरोपी सोमराज को भी गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई देर रात की गई।

सीआई जगदीश प्रसाद ने बताया कि पुलिस उच्चाधिकारियों के निर्देश पर थाना क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उपनिरीक्षक प्रेमसिंह जादौन के नेतृत्व में एक टीम ने आरोपी सोमराज पुत्र करणाराम के घर पर दबिश दी। दबिश के दौरान सोमराज के घर से 11 किलो 437 ग्राम डोडा-पोस्त बरामद हुई, जिसे अवैध रूप से लाकर बेचा जा रहा था। पुलिस ने डोडा-पोस्त जब्त कर आरोपी सोमराज को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। सोमराज के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की आगे की जांच रणजीतपुरा थानाधिकारी पुलिस निरीक्षक चंद्रजीत सिंह भाटी कर रहे हैं। कार्रवाई टीम में एएसआई धर्मवीर यादव, हैड कानि. धर्मवीर सिंह, कानि. जोगेंद्र, हनुमानराम और रामेश्वर लाल शामिल थे।

'गोचर व खेजड़ी बचाने पर सरकार संवेदनशील'

बीकानेर, (कासं)। गोचर संरक्षण आंदोलन व खेजडी बचाओ आंदोलन के गति पकड़ने को लेकर भाजपा नेतृत्व अब गंभीर हुआ है। रविवार को यहां भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेस आयोजित की गई।

प्रेस कांफ्रेस में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष बिहारीलाल बिश्नोई, बीकानेर (पूर्व) की विधायक सिद्धि कुमारी, बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास, कोलायत के विधायक अंशुमान सिंह भाटी, खाजूवाला के विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल, श्रीडूंगरगढ विधायक ताराचंद सारस्वत, देहात भाजपा अध्यक्ष श्याम पंचारिया व शहर भाजपा अध्यक्ष सुमन छाजेड उपस्थित थी। सभी नेताओं ने कहा कि गोचर संरक्षण व खेजड़ी बचाने को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ बैठक हुई।

बैठक में मुख्यमंत्री ने विश्वास दिलाया कि इस मामले में सरकार गंभीर है ओर किसी भी हालत में गोचर के साथ छेड़छाड़ नहीं की जायेगी। उधर सर्व कामगार सेवा संघ राजस्थान की बीकानेर ईकाई चकगर्बी संघर्ष समिति के आहवान पर अमर ज्ञान सैकण्डरी स्कूल, सुंदर विहार बीकानेर में गो बचाओ, गोचर बचाओ के लिए बैठक आहूत की गई।

■ **गोचर संरक्षण व खेजड़ी बचाने को लेकर मुख्यमंत्री के साथ हुई बैठक में विश्वास दिलाया कि इस मामले में सरकार गंभीर है ओर किसी भी हालत में गोचर के साथ छेड़छाड़ नहीं की जायेगी**

बैठक की अध्यक्षता चकगर्बी वरिष्ठ कॉलोनी वासी त्रिलोक चंद भाखर ने की। मुख्य वक्ता के रूप संघ के प्रदेशाध्यक्ष भंवर पुरोहित ने अपने सम्बोधन के माध्यम से बताया कि चकगर्बी में बसी कॉलोनियों को मुलभूत सुविधाओं के लिए संघ पिछले दो वर्षों से संघर्षरत है। ये लड़ाई संघ अनवरत जारी रखेगा।

किन्नू ने श्रीगंगानगर को पहचान दिलाई : टांटिया

श्रीगंगानगर, (कासं)। टांटिया यूनिवर्सिटी के कैम्पस में गंगानगर किन्नू फेस्टिवल-2026 आयोजित किया गया। पहली बार का आयोजन भव्य रहा। इसमें जिलेभर से आये किन्नू उत्पादकों ने स्टॉल लगाई। पूरा पंडाल किन्नू के रंग में रंगा नजर आए। यहां किन्नू उत्पादकों को उत्पादन को लेकर नई जानकारी मिली। उद्घाटन समारोह में गुब्बारे उड़ाकर किन्नू विकास का संदेश दिया गया।

फेस्टिवल के संरक्षक और टांटिया यूनिवर्सिटी के वाइस चेयरपर्सन डॉ. मोहित टांटिया ने कहा कि किन्नू ने श्रीगंगानगर को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है। अब इसे हर साल आयोजित किया जायेगा। फेस्टिवल में लाइफटाइम अवॉर्ड और किन्नू रत्न सम्मान भी दिए गए। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. एम.के. कौल को किन्नू के क्षेत्र में योगदान के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड दिया गया। वहीं लायलपुर फॉर्म हाउस के मनमोहन सिंह नरूला, कृषि पंडित बलवंत सिंह के पौत्र एडवोकेट बिक्रम सिंह, आनंदसिंह कंग और मूलचंद गेरा को किन्नू रत्न सम्मान मिला।

■ **पहली बार श्रीगंगानगर में किन्नू फेस्टिवल-2026 आयोजित**

किन्नू क्वालिटी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इसमें स्टॉल में हनुमान प्रथम, अमित सहारण द्वितीय और शीशपाल तृतीय स्थान पर रहे। मुख्य अतिथि कृष्ण मुरारी ने कहा कि यह फेस्टिवल किन्नू उत्पादकों की उन्नति के नए रास्ते खोलेगा।

सात किलो डोडा पोस्त सहित गिरफ्तार

नोखा, (कासं)। नोखा थानाधिकारी सीआई अरविंद भारद्वाज के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मुकाम ग्राम पंचायत क्षेत्र के निंबड़ीयासर गांव के पास दबिश दी। पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया। मौके से आरोपी भंवरलाल बिश्नोई के कब्जे से करीब सात किलो डोडा पोस्त बरामद किया।

आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है ताकि मादक पदार्थ के स्रोत और उसकी आपूर्ति श्रृंखला का पता लगाया जा सके। इस कार्रवाई में सब इंस्पेक्टर तनसुखराम, हैड कांस्टेबल मोहर सिंह, कांस्टेबल रामेश्वर लाल धुंधवाल, संजय, सतीश और तेजाराम शामिल थे। पुलिस अधिकारियों ने टीम की सफल कार्रवाई की सराहना की है।

कोर्ट ने नवनीत व कंपनी कमांडर पर कूटरचना के आरोप सही माने

श्रीगंगानगर, (कासं)। होमगार्ड के स्वयंसेवक 15 जेड निवासी प्रेमकुमार की सर्विस बुक में कथित तौर पर कूट रचना कर उन्हें सेवा से बाहर करने के मामले में बड़ा कानूनी मोड़ आ गया है।

न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या एक की अदालत ने प्राथमिक जांच और दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर तत्कालीन कमांडेंट नवनीत जोशी तथा सेवानिवृत्त कंपनी कमांडर जोगाराम को प्रथमदृष्टया दोषी मानते हुए उनके खिलाफ प्रसंज्ञान लिया है। अदालत ने यह मामला सुनवाई के लिए आगे सक्षम न्यायालय को भेज दिया है। प्रकरण में आरोपी नवनीत जोशी एसीबी द्वारा रिश्वत लेते पकड़े जाने के बाद से निलंबित चल रहे हैं। प्रकरण में पीड़ित स्वयंसेवक प्रेमकुमार ने अदालत में पेश किए गए परिवाद में आरोप लगाए कि तत्कालीन कमांडेंट नवनीत जोशी तथा कंपनी कमांडर जोगाराम ने पद का दुरूपयोग करते हुए परिवादी की सर्विस बुक में मनगढ़ंत प्रविष्टियां दर्ज कराई। इन प्रविष्टियों के आधार पर उन्हें अनुशासनहीन और सेवा के अयोग्य ठहराते हुए बर्खास्त कर दिया गया। पीड़ित प्रेमकुमार ने पहले विभागीय स्तर पर अपील की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने न्यायालय में परिवाद दिया।

■ **रिश्वत के आरोप में सस्पेंड कमांडेंट नवनीत जोशी के खिलाफ कोर्ट ने संज्ञान लिया**

मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट के समक्ष सर्विस बुक की मूल प्रति, विभागीय नोटशीट, आदेश पत्र और अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किए गए। न्यायालय ने परिवादी की सेवा पुस्तिका को एफएसएल जांच को भेजा। इसकी रिपोर्ट ने पूरा मामला साफ कर दिया। एफएसएल जांच रिपोर्ट में बताया गया कि सेवा पुस्तिका में परिवादी प्रेमकुमार की सेवा अच्छी है के बीच में नहीं शब्द बाद में लिखे गए हैं। विशेषज्ञ जांच में पाया गया कि कई प्रविष्टियां बाद में जोड़ी गई, जिनकी तारीखों और हस्ताक्षरों में स्पष्ट विसंगतियां थी। इसको न्यायालय ने पद का दुरूपयोग, स्वयंसेवक के खिलाफ अधिकारियों की कूट रचना, साजिश तथा धोखाधड़ी माना तथा संज्ञान लिया है। स्वंयसेवक प्रेमकुमार की ओर से उसे सेवा से बाहर करने की विभाग में ही अपील की गई।

दूसरों के गुणों को देखना परिवार में शांति का मूल मंत्र : मुनि कमल कुमार

बीकानेर, (कासं)। श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा गंगाशहर के द्वारा आयोजित युवक -युवती कार्यशाला में 'कैसे बढे॰ परिवार में आपसी सामंजस्य' विषय पर प्रवचन देते हुए उग्र विहारी तपोमूर्ति मुनि कमल कुमार स्वामी ने कहा कि परिवार में शान्ति का मूल मंत्र है दूसरों के गुणों को देखना। अच्छाईयों को देखना।

दूसरों के गुणों को देखने से शान्ति मिलती है। किसी के अवगुण नहीं देखें। कोई बुराईयां हो तो सुधरवाने का प्रयास किया जा सकता है। गुणग्राही बने। अपनी कमियों को देखने का प्रयास करें, अपने अवगुणों को देखने का प्रयास करें। फिर उनमें सुधारने का प्रयास करें। उस परिवार में कलह, मन मुटाव, अशांति ज्यादा बढ़ती है जहां दूसरों की कमियों को देखा जाता है। अवगुणों को देखा जाता है। सारणा, वारणा, चोईरणा का सूत्र काम में लेना चाहिए। अच्छा कार्य करें उनकी प्रशंसा, सहराना करनी चाहिए। गलती हो वहां सुधरवाने का प्रयास करें।

श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा गंगाशहर द्वारा आयोजित युवक -युवती कार्यशाला को मुनि कमल कुमार ने संबोधित किया।

अच्छे कार्य करने की प्रेरणा देना चाहिए। मुनि ने कहा कि गुस्से की स्थिति में शांत रहने का प्रयास करें। शांत रहने वाला सिद्ध, बुध, मुक्त बन जाता है। परिवार में सास- बहु, पिता- पुत्र, भाई- भाई परिवार में विग्रह की स्थिति में, आपसी मनमुटाव की परिस्थितियों में आपस में प्रतिक्रिया नहीं करें। बडों॰ का अपमान नहीं करें, छोटो के प्रति स्नेह भाव रखे। श्रम करना नहीं छोडे। एक काहानी के माध्यम से परिवार में शांति कैसे बढे॰ का मर्म समझाया और मौन का महत्व बताया। कहा कि जो समय पर होठों को सीना जानता है, वो इस दुनियां में सुख से रहना जानता है।

इस अवसर पर उग्र विहारी तपोमूर्ति मुनि कमल कुमार ने एक प्रेरणादायी गीतिका 'घर घर बढे॰ परस्पर प्यार, एक दूसरे का भाई करना सीखों सतकार' का संगान किया। मुनि श्रेयांस कुमार स्वामी ने भी विषय की प्रासंगिकता के अनुसार गीतिका के माध्यम से जनता को परिवार में आपसी प्रेम, मधुरता से रहने का संदेश दिया। तेरापंथ सभा के मंत्री जतनलाल संचेती ने कल आचार्य महाश्रमण अन्तर्राष्ट्रीय स्कूल के शिलान्यास के सम्बन्ध में जानकारी दी।

पहली बार किया त्वचा प्रत्यारोपण

बीकानेर, (कासं)। एसडीएम जिला अस्पताल बीकानेर में सर्जरी विभाग में पहली बार जटिल स्प्लिट थिकनेस स्किन ग्राफ्टिंग की गई है।

जनरल सर्जन डॉ योगेश साध ने बताया कि बीकानेर के बेणीसर बारी क्षेत्र के सोमेश थानवी के दाएं हाथ पर दो महीने पहले चोट लग गई थी जिसमें इंफेक्शन होने पर मवाद भर गया और सेल्यूलाइटिस हो गया था। इलाज के लिए एक महीने पहले मरीज को अस्पताल में भर्ती कर डिब्रिजमेंट करते हुए खराब टिश्यू हटाते हुए उपचार किया गया।

घाव बड़ा होने के कारण जल्दी रिकवरी के लिए मरीज के हाथ पर स्किन ग्राफ्टिंग का निर्णय लिया गया। मरीज की दांई जांघ से त्वचा लेकर मरीज के हाथ पर घाव पर सफल प्रत्यारोपण किया। जिसे स्पिलट थिकनेस स्किन ग्राफ्टिंग कहा जाता है। ऑपरेशन करने वाली टीम में निश्चेतन विभाग के डॉ. गौरव जोशी, ओटी स्टाफ शिवम, संतोष, इंद्रजीत एवं अन्य का योगदान रहा।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 14.01.2026
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना में नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर द्वारा चक 2 एमएल मुरब्बा नं. 57 के किला नं. 17, 24 में माप 25 इन्दू 50 फीट भूखण्ड संख्या आरएसएल-11, रिद्धि-सिद्धि एन्कलेव श्रीगंगानगर का पटटा संख्या 11283 दिनांक 25.06.2021 को श्रीमती रेणू पत्नी श्री पवन असीजा एवं श्री पवन असीजा पुत्र श्री जुगल किशोर के नाम से जारी किया हुआ है। पटटाधारक अपने स्वामित्व के दस्तावेज एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर न्यास कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी पटटा एवं अन्य दस्तावेजों का समर्पण कर भूखण्ड का फ्री होल्ड पटटा पटटा जारी करने हेतु आवेदन किया है। अतः उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छाया दिनांक से 7 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं. 17 में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरान्त आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 20, 25 एवं 27 की अनुपालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पटटा जारी कर दिया जावेगा। इस सम्बन्ध में न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।
RajKaj Ref. No. 19925616 -सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 14.01.2026
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना में नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर द्वारा चक 2 एमएल मुरब्बा नं. 51 के किला नं. 6, 15 में माप 28 इन्दू 60 फीट भूखण्ड संख्या आरएसजी-11, रिद्धि-सिद्धि एन्कलेव श्रीगंगानगर का पटटा संख्या 9183 दिनांक 03.12.2010 को श्री कुलविन्द्र सिंह पुत्र श्री गुरचरन सिंह सिधू के नाम से जारी किया हुआ है। श्री पवन असीजा पुत्र श्री जुगल किशोर असीजा निवासी 1-जी-47, जवाहरनगर, श्रीगंगानगर द्वारा उक्त भूखण्ड को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 11.02.2019 के द्वारा क्रय कर व अपने स्वामित्व के दस्तावेज एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर न्यास कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी पटटा एवं अन्य दस्तावेजों का समर्पण कर भूखण्ड का फ्री होल्ड पटटा पटटा जारी करने हेतु आवेदन किया है। अतः उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छाया दिनांक से 7 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं. 17 में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरान्त आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 20, 25 एवं 27 की अनुपालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पटटा जारी कर दिया जावेगा। इस सम्बन्ध में न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। RajKaj Ref. No. 19925704 -सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर